





# मोबाइल में आया हीट वेव का अलर्ट, पारा 45 डिग्री के पार

## तापमान बढ़ने से जल रही विद्युत केबल, सड़कों पर रहा सन्नाटा, तापमान बढ़ने से हालत खराब

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, पिछले एक सप्ताह से आसमान से आग बरस रही है, भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है. तापमान 45 डिग्री पहुंच चुका है जबकि प्रदेश के कई जिलो में 47 तक तापमान पहुंचा है. नौतपा शुरू होने के पहले ही शरीर जलाने वाली गर्मी ने हालत खराब कर दी है.**



तीन दिन बाद नौतपा की दस्तक होगी, माना जा रहा है कि गर्मी का यही हाल रहा तो नौतपा में तापमान 47 डिग्री पहुंच जाएगा. विंध्य क्षेत्र में भीषण गर्मी के साथ तीव्र लू का आरेंज अलर्ट मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया है. हर किसी के मोबाइल में अलर्ट का मैसेज पहुंचा. इस समय समूचे विंध्य क्षेत्र में तेज तापमान के साथ गर्म हवाएं चल रही है और गर्मी से बचने की सलाह दी जा रही है. हालत यह है कि सुबह 7 बजे से तेज धूप शुरू हो जाती है और 9 बजे के बाद घर से बाहर निकलना मुश्किल होता है. दोपहर सड़को में सन्नाटा रहता है जिस मार्ग में जाम लगता है वहा एक-दो ही वाहन नजर आते है. शाम 6 बजे के बाद सड़क पर रौनक देखने को मिलती है. दिन के साथ-साथ रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पहुंच गया है जो आने वाले नौतपा में 32 डिग्री तक पहुंच सकता है. गर्मी से जन-जीवन बेहाल है पानी को लेकर भी हाहाकार मचा हुआ है. कई जगह हैडपम्प बंद होने से दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है. गर्मी का असर इस तरह है कि तन ढ़क कर न निकलने पर आदमी झुलस सकता है. पारा कम होने का नाम नही ले रहा है जबकि बुधवार को कुछ समय के लिये बादल भी आए थे. मौसम विभाग ने तापमान और ज्यादा होने की संभावना जताई है.

### जल रही विद्युत केबिल, सुलग रहे ट्रांसफॉर्मर

भीषण गर्मी के चलते सबसे ज्यादा दिक्कत विद्युत विभाग को हो रही है. बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है और ट्रांसफार्मर सहित विद्युत केबिलो में लोड बढ़ गया है. हालत यह है कि सबसे ज्यादा विद्युत केबिल जल रहे है जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है. दोपहर से लेकर रात तक शहर के किसी न किसी मोहल्ले से केबिल जलने की सूचना मिलती रहती है और मरम्मत कार्य में समय लगता है. इस बीच विद्युत सप्लाई बंद करनी पड़ती है. गुरूवार को शिल्पी प्लाजा के सामने ट्रांसफार्मर की केबल जलने से दो घंटे तक विद्युत सप्लाई ठप्प रही. रात भर विद्युत विभाग की गाड़ियां दौड़ती रहती है.

### तत्काल विभाग को दें सूचना : सनोड़िया

शहर संभाग के सहायक यंत्री राजेश सनोड़िया ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते विद्युत केबल प्रभावित हो रही है. कहीं भी केबल जलने या आग लगने पर तत्काल पावर हाउस गल्ला मंडी, कंट्रोल रूम या संबंधित लाइन मैन को सूचना दें ताकि समय रहते विद्युत सप्लाई बंद कर मरम्मत कार्य किया जा सके और किसी तरह की घटना न हो.

## गहना देखते हुए महिलाओं ने सर्राफा दुकान से पार किया लाखों का सामान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, रीवा शहर में महिला चोर गिरोह की सक्रियता तेजी से बढ़ती जा रही है और यह गिरोह आम लोगों को अपनी ठगी का शिकार भी बना रहे हैं. ताजा मामला शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत बरा मोहल्ले से सामने आया है. जहां एक सर्राफा व्यापारी से तकरीबन ढाई लाख रुपए के जेवरात ठगी कर तीनों महिलाएं फरार हो गई हैं. हालांकि घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है.**

वारदात के संबंध में जानकारी देते हुए न्यू सुलेखा ज्वेलर्स के संचालक सचिन सोनी ने बताया कि उनकी बरा मोहल्ले में दुकान है. जहां बुधवार की सुबह तकरीबन 9:30 बजे दुकान खोलते ही तीन महिलाएं आई जिन्होंने कुछ जेवरात दिखाने की बात कही. सचिन ने बताया कि दुकान के कर्मचारी महिलाओं को जेवरात दिखा रहे थे इसी दौरान एक महिला दुकान के काउंटर के पास रखे हुए चांदी के पायलों से भरा डिब्बा चुरा ली और एक-एक कर तीनों महिलाएं वापस चली गई. महिलाओं के वापस जाने के बाद जब जेवरातों को चेक किया गया तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई. जिसके बाद इधर-उधर जाकर महिलाओं को तलाशा गया लेकिन वह कहीं भी नजर नहीं आई. दुकान संचालक ने बताया कि महिलाओं ने डिब्बे में रखे हुए तकरीबन 1 किलो से ज्यादा वजन के चांदी के पायल पार कर दि हैं जिसकी कीमत तकरीबन ढाई लाख रुपए की गई है. पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत समान थाने में दर्ज करा दी गई है वहीं वारदात को अंजाम देने वाली महिलाओं का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. पुलिस महिलाओं की तलाश कर रही है.

## रीवा से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन होगी रवाना, कराएगी दर्शन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, विंध्य क्षेत्र के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है.**

ट्रेन आगामी 11 जुलाई को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी. यह विशेष ट्रेन 5 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारकाधीश मंदिर और एलोरा यात्रा कराएगी. इस धार्मिक यात्रा को लेकर रीवा और आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि पहली बार इतनी व्यापक धार्मिक यात्रा की शुरुआत सीधे रीवा से की जा रही है. ट्रेन रीवा के अलावा सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर और उज्जैन स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जहां से यात्री इसमें सवार हो सकेंगे. 10 रात और 11 दिनों की इस यात्रा में श्रद्धालुओं को द्वारका, सोमनाथ, भीमाशंकर, र्त्यबकेश्वर, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग के साथ एलोरा के ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे. आईआरसीटीसी ने यात्रियों के लिए तीन श्रेणियों में पैकेज तय किया है. इसमें स्लीपर इकॉनॉमी श्रेणी का किराया 20,250 रुपए, 3 एसी स्टैंडर्ड श्रेणी का किराया 33,250 रुपए और 2 एसी कम्फर्ट श्रेणी का किराया 44 हजार रुपए प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है. आईआरसीटीसी के अनुसार यह पूरी तरह सर्वसमावेशी टूर पैकेज होगा. पहले भी तीर्थ दर्शन के लिये रीवा से ट्रेन चल चुकी है, जिसमें लोगो ने दर्शन किये.

## रात में चेकिंग के लिए मैदान में उतरे पुलिस अधिकारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, रीवा जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गुरुकरन सिंह के निर्देश पर व्यापक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है.**

एसपी के जारी निर्देश के तहत सभी थाना प्रभारियों को रात्रि में औचक चेकिंग और लगातार भ्रमण करने को कहा गया है. निर्देशों के पालन में जिलेभर के पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी रात में सड़कों पर उतरकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच कर रहे हैं. शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अपराधों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके. वहीं एडिशनल एसपी आरती सिंह ने भी शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर निरीक्षण किया.

### घर में लगी आग से गृहस्थी हुई खाक

रीवा, जिले के लालगांव चौकी क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम पंचायत रझौंही में बुद्धि यादव के घर में लगी आग ने देखते ही देखते पूरे घर को चपेट में ले लिया और पूरा सामान जलकर राख हो गया. वहीं देर से पहुंची दमकल को लेकर स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक लालगांव पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रझौंही में बुद्धि यादव के घर आज दोपहर अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई. आगजनी की इस घटना के दौरान बुद्धि यादव का मकान सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया. जिससे परिवार को काफी नुकसान हुआ है.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज गौ शेड का लोकार्पण करेंगे



**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल नई दिल्ली से प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा रवाना होकर 22 मई को सुबह 7 बजे प्रयागराज पहुंचकर सुबह 8 बजे हिनौती गौधाम आयेंगे तथा सुबह 9 बजे हिनौती गौधाम में सुरभि गौ शेड का लोकार्पण कर गौधाम में प्रचलित गतिविधियों का अवलोकन करेंगे. श्री शुक्ल सुबह 10 बजे हिनौती गौधाम से सीधी रवाना हो जायेंगे. सीधी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 4 बजे रीवा आयेंगे.

### ग्राम रोजगार सहायक की संविदा समाप्ति के आदेश

**रीवा,** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्राम पंचायत जोड़ौरी के ग्राम रोजगार सहायक अजीत पाण्डेय की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश दिए हैं. ग्राम रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा योजना में हितग्राहियों के मस्टर जारी न करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों की ई केवायसी न कराने तथा हितग्राहीमूलक सभी योजनाओं की प्रगति शून्य रहने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया था. नोटिस का उत्तर न देने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने पर ग्राम रोजगार सहायक अजीत पाण्डेय की संविदा सेवा समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं.

### एकादशी का व्रत फलदायी माना गया है : घनश्यामाचार्य



**रीवा,** जनता कॉलेज गेट के समीप मज्जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है. कथा के तीसरे दिन महाराज ने कहा कि एकादशी का व्रत सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और फलदायी माना गया है. इस दिन भगवान विष्णु की उपासना करने से मनुष्य के पाप ही नहीं, बल्कि जीवन में लगे हुए अनेक श्राप भी समाप्त हो जाते हैं. व्रत के माध्यम से शरीर और मन दोनों की शुद्धि होती है, और भक्त को आत्मिक शांति प्राप्त होती है. शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा इसलिए सुनाई क्योंकि राजा परीक्षित को श्रापवश केवल सात दिनों का जीवन शेष था. इस समय उन्होंने संसार के मोह-माया को त्यागकर परम सत्य को जानने की इच्छा प्रकट की. तब शुकदेव जी ने उन्हें भगवान की भक्ति, धर्म, और मोक्ष का मार्ग समझाने के लिए यह दिव्य कथा सुनाई, जिससे परीक्षित जी ने अपने अंतिम समय को सार्थक बनाते हुए भगवान के चरणों में अपना मन लगा दिया।गर्भ में पल रहा शिशु भी अनेक प्रकार की वेदनाओं और कष्टों को सहन करता है. शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि गर्भ के संकुचित और अंधकारमय स्थान में बच्चा अत्यंत असहज स्थिति में रहता है, जहाँ उसे बाहरी संसार की कोई स्वतंत्रता नहीं होती. वह अपने पिछले जन्मों के कर्मों को स्मरण करते हुए भगवान से प्रार्थना करता है कि उसे इस दुखद अवस्था से मुक्ति मिले.




### टूरिज्म टीम को किया रवाना

**रीवा,** म प्र टूरिज्म की ओर से पर्यटन क्विज की उप विजेता टीम को टूरिज्म के लिए डीईओ रामराज मिश्रा सहायक संचालक राजेश मिश्रा, सांदीपनि प्राचार्य वरुणेंद्र प्रताप सिंह शैलेन्द्र सिंह प्राचार्य रायपुर कर्चुलियान शाहिद परवेज प्राचार्य लक्ष्मणपुर दीप नारायण तिवारी मास्टर ट्रेनर्स पर्यटन क्विज रामनारायण तिवारी बलराम यादव अखिलेश सिंह भदौरिया ज्योत्सना पयासी ने दल को झंडी दिखाकर अमरकंटक के लिए रवाना किया गया. दल मे शा उ माध्यमिक वि .लक्ष्मणपुर शा उ माध्यमिक वि .बैकुंठपुर, ज्ञानस्थलिय विद्यालय रीवा के विजेता बच्चे है. जिन्हे मध्यप्रदेश टूरिज्म की ओर से निशुल्क भ्रमण करवाया जा रहा है.

## मनरेगा से स्वीकृत सभी निर्माण कार्य 30 जून तक पूरे कराएं : जामोद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, रीवा संभाग के सभी जिलों में मनरेगा योजना के तहत बड़ी संख्या में भूमि विकास और जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं.**

भारत सरकार द्वारा मनरेगा योजना से स्वीकृत कार्यों को 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं. संभाग के सभी जिलों में एक जुलाई 2026 से व्हीव्ही जाराम जी योजना लागू की जा रही है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनरेगा योजना से स्वीकृत भूमि विकास और जल संरक्षण के सभी कार्यों को 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं. इन कार्यों के लिए एक जुलाई से कोई भी राशि उपलब्ध नहीं होगी. मनरेगा योजना से रीवा और मऊगंज जिले में 1085, सतना और मैहर जिले में 447, सीधी जिले में 450 तथा सिंगरौली जिले में 461 कार्य जारी हैं. इन्हें तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरा कराएं.

## अचानक छात्रावास पहुंचे कलेक्टर, छात्राओं से किया संवाद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया तथा छात्रावास में व्यवस्थाओं को सुधारने और आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए.**



उन्होंने छात्रावास में साफ-सफाई, पर्याप्त हवा की व्यवस्था के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास के कमरों में रोशनदान व खिड़कियाँ कम हैं जिससे पर्याप्त हवा की व्यवस्था नहीं है.

उन्होंने कहा कि यदि सभी व्यवस्थाएं न हो सकें तो छात्रावास के लिए दूसरे भवन की व्यवस्था भी कराएं. उल्लेखनीय है कि गत दिवस जनसुनवाई में छात्रावास की छात्राओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर छात्रावास की व्यवस्थाओं व गतिविधियों के विषय में आवेदन दिया था, जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर ने आज छात्रावास का औचक निरीक्षण किया. कलेक्टर ने छात्रावास में रसोई का निरीक्षण किया तथा खाना बनाने के लिए उपयोग में आने वाले खाद्यान्न व सब्जी आदि की गुणवत्ता देखी. कलेक्टर ने रसोईये को हिदायत दी कि गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाएं अन्यथा उन्हें बदल दिया जाएगा. कलेक्टर ने छात्रावास की छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि सभी कटुता मिटाकर मिलजुल कर छात्रावास में रहें.

## पीटीएस में सांस्कृतिक संध्या में नवआरक्षकों ने दी प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में 93वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025 - 26 के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गुरकरण सिंह पुलिस अधीक्षक जिला रीवा, विशिष्ठ अतिथि सुरेंद्र कुमार जैन पुलिस अधीक्षक मऊगंज, मोती उर्र रहमान कमांडेंट 9वीं वाहिनी रीवा रहे. सांस्कृतिक कार्यक्रमों - मलखंभ, देश भक्ति गीत, ट्रेनिंग आधारित डेली रूटीन, नाटक, डांस, कव्वाली, मिमिक्री आदि की शानदार प्रस्तुतियां दी गई. कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र कुमार जैन पुलिस अधीक्षक जिला मऊगंज के द्वारा भी मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया. इसके साथ ही उप पुलिस अधीक्षक बाह्य प्रशिक्षण सत्य प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में आउटडोर स्टाफ द्वारा प्रशिक्षु नवआरक्षकों को समर्पित करते हुए बहुत ही शानदार सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया. तत्पश्चात सत्र के विभिन्न विषयों के सर्वोत्तम प्रशिक्षुओं तथा बाह्य प्रशिक्षण के विभिन्न विधाओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी, एवं नगद पुरस्कार प्रदान किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम आने वाले दोनों समूहों को पुरस्कृत किया गया.

## मां-बेटी पर टांगी से आरोपी ने किया हमला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, रीवा के सेमरिया थाना क्षेत्र में गेहूं चोरी के आरोप में माल बरामद होने के तकरीबन 20 दिन बाद आरोपी ने फरियादी पर हमला कर दिया इस घटना में मां सहित उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई.**

पीड़िता पूनम पाठक ने बताया कि 1 मई को आरोपी अशोक कुशवाहा के द्वारा उसके घर से गेहूं चोरी किया गया था चोरी की शिकायत होने के बाद आरोपी ने एक बोरी गेहूं पुलिस के सामने वापस किया पुलिस के जाने के बाद आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दे रहा था.

आज आरोपी के द्वारा जमीन का सीमांकन कराया जा रहा था लेकिन इस दौरान आरोपी ने पीड़ित की जमीन पर पत्थर गाड़ने का प्रयास किया जब इस बात पर ऐतराज किया गया तो आरोपी ने कुल्हाड़ी से पूनम पाठक एवं उसकी मां विद्यावती पाठक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया.



## संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने कार्यकर्ता परिवार भाव से कार्य कर रहे हैं : जामवाल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरूवार को रीवा जिला भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया.**

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नियमित बैठक मंडल और जिले की हो. पार्टी संगठन द्वारा जो तिथियां तय की गई है उसमें अनिवार्य रूप से की जाए. आगामी महीनो में योग दिवस पर्यावरण दिवस और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कार्यक्रमों का आयोजन होना है. जिन्हें बूथ स्तर तक आयोजित हो संगठन को और बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता परिवार भाव से सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं. रीवा जिले में समन्वय के साथ संगठन कार्य हो रहा है, मंडल स्तर की बैठक समय पर हो रही है. इनकी व्यवस्थित रिपोर्टिंग और कार्यकर्ताओं की निष्ठा से सभी कार्यक्रम सफल हुए जो प्रशंसनीय है. क्षेत्रीय संगठन महामंत्री के रीवा पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता के अगुवाईमें भाजपा कार्यकर्ता उनका आत्मीय स्वागत किया. बैठक में प्रमुख रूप से रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे व जिला प्रभारी रवीन्द्र सिंह चौहान सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, अजय सिंह मौजूद रहे.

## जले ट्रांसफॉर्मर बदलें व फीडर सुधार करें : जैन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 21 मई, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में कलेक्टर ने जिले की विद्युत व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. कलेक्टर ने जिले के घरेलू एवं कृषि फीडरों पर विद्युत प्रदाय की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार घरेलू क्षेत्रों में निर्बाध बिजली सुनिश्चित की जाए. विशेष रूप से कृषि फीडरों पर सिंचाई हेतु पर्याप्त वोल्टेज और निर्धारित घंटों तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें. ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि खराब हुए ट्रांसफार्मर को निर्धारित समयावधि के भीतर बदला जाए तथा फीडर सुधार का कार्य करें.

अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत कलेक्टर ने जिलेवार लाभार्थियों की सांख्यिकीय जानकारी प्राप्त की. उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से मिले और उनके बिलों में सब्सिडी का स्पष्ट उल्लेख हो. बैठक में संशोधित वितरण क्षेत्र योजना आरडीएसएस योजना के कार्यो की समीक्षा की गई.

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 को

**रीवा, 21 मई,** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आगामी 31 मई को मनाया जायेगा. मद्यपान तथा मादक पदार्थों, नशीली दवाईयों एवं शराब तथा विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने हेतु नशामुक्ति के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा. जिसके माध्यम से लोगो को तम्बाकू से दूर रहने की अपील की जाएगी.

## सीएम हेल्पलाइन में संभाग के सभी जिलों की रेटिंग ए

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मई, आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लगातार कार्यवाही की जा रही है.**

मई माह की रैंकिंग में रीवा संभाग के सभी जिले 80 से अधिक वेटेज स्कोर के साथ ए रेटिंग में स्थान बनाने में सफल हुए हैं. सिंगरौली जिले ने 84.14 वेटेज स्कोर के साथ ग्रुप ए में छठवां तथा रीवा जिले ने 83.47 कुल वेटेज स्कोर के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया है. रीवा जिले ने पहली बार टॉप टेन में जगह बनाई है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि ग्रुप ए के जिलों में सतना जिले को 81.41 वेटेज स्कोर के साथ 22वां तथा सीधी जिले को 81.88 अंकों के साथ 19वां स्थान प्राप्त हुआ है. ग्रुप बी के जिलों में 81.38 वेटेज अंकों के साथ मऊगंज जिले को 15वां तथा 80.76 वेटेज अंकों के साथ मैहर जिले को 22वां स्थान मिला है. कमिश्नर ने कलेक्टर तथा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें. ताकि स्थित और अच्छी हो.